
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 12.02.2023 से 18.02.2023)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# मुंबई एक्सप्रेस वे के दिल्ली–दौसा–लालसोढ सेक्शन का लोकार्पण

(दिनांक 12.02.2023)



**प्रभाव :** माननीय प्रधानमंत्री जी ने रविवार को हरियाणा के गुरुग्राम, पलवल व नूंह जिला से होकर गुजरने वाले देश के सबसे लंबे दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस वे के पहले चरण में 12,150 करोड़ रुपए की लागत से तैयार 246 किलोमीटर लंबे सेक्शन का लोकार्पण किया। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी एक्सप्रेस वे पर प्रदेश की सीमा में स्थित हिलालपुर टोल प्लाजा से वीडियो कांफ्रेंस से लोकार्पण समारोह में शामिल हुए।

उन्होंने इस सौगात के लिए माननीय प्रधानमन्त्री जी और केंद्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी का भी आभार व्यक्त किया और कहा कि दिल्ली–वडोदरा–मुंबई एक्सप्रेसवे एक बड़ी सौगात है। दिल्ली से मुंबई तक लगभग 1380 किलोमीटर

लंबे 8 लेन के इस एक्सप्रेस वे का हरियाणा में 129 किलोमीटर हिस्सा गुजरेगा।

यह राजमार्ग केवल दिल्ली और मुंबई अथवा 5 राज्यों को जोड़ने वाला मार्ग ही नहीं है बल्कि यह राजमार्ग हमारी आर्थिक स्थिति को आगे बढ़ाने वाला है। वहीं यह हरियाणा की सांस्कृतिक पहचान को मुंबई के आधुनिकीकरण के साथ साथ महाराष्ट्र की संस्कृति के साथ भी जोड़ेगा। माननीय मुख्यमंत्री जीने कहा कि देशभर में जिस प्रकार से सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, इन सब से देश में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है, यह उल्लेखनीय है।

इस प्रकार के इंफ्रास्ट्रक्चर से हमारे देश की आर्थिक प्रगति होगी और निश्चित रूप से प्रधानमंत्री जी का भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सपने को साकार करने में सभी राज्य योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों से केंद्र सरकार ने जितने प्रोजेक्ट हरियाणा को दिए हैं, चाहे वह राजमार्गों के हों या रेलवे के, उन सब के माध्यम से हम हरियाणा की और अधिक प्रगति करेंगे।



# जंगल सफारी के लिए निर्धारित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण

(दिनांक 13.02.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा में अरावली पर्वत श्रृंखला में गुरुग्राम और नूंह जिला में लगभग 10 हजार एकड़ क्षेत्र में बनने वाले विश्व के सबसे बड़े जंगल सफारी पार्क के लिए निर्धारित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया।

जंगल सफारी पार्क को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए की इस जंगल सफारी को वर्ल्ड क्लास बनाने के लिए विश्व स्तरीय विशेषज्ञों से राय व सुझाव लिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में जंगल सफारी विकसित होने से एक ओर जहां इस पर्वत श्रृंखला को संरक्षित करने में मदद मिलेगी वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आस–पास के क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग पर्यटन के लिए आएंगे, जिससे स्थानीय लोगों के



लिए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और ग्रामीणों को और अधिक रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के उद्देश्य से होम स्टे पॉलिसी शुरू की है। इसके तहत, पर्यटकों को भी स्थानीय संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

# हरियाणा पुलिस का राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह

(दिनांक 14.02.2023)



**प्रभाव :** माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी ने करनाल में हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन के वच्छेर स्टेडियम में आयोजित समरोह में राष्ट्रपति निशान अलंकरण प्रदान किया।

समारोह में शानदार परेड के बाद उपस्थित जवानों को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री जी ने राष्ट्रपति निशान प्राप्त करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी की कार्यशैली की सराहना की।

हरियाणा पुलिस के सेवा सुरक्षा व सहयोग के शीर्ष वाक्य का आज उस समय सार्थक सिद्ध हुआ जब केंद्रीय गृह मंत्री जी ने पुलिस की कार्यशैली के लिए राष्ट्रपति निशान प्रदान किया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री जी ने



आज ही के दिन वर्ष 2019 में पुलवामा में एक कायराना हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के 40 जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि जब तक भारत की रक्षा का इतिहास लिखा जाएगा, तब तक इन 40 जवानों

के नाम स्वर्णिम अक्षरों से भारत के सुरक्षा इतिहास में चिन्हित होगा।उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रपति निशान 25 साल तक सातत्यपूर्ण सेवा व शौर्य और समर्पण से सेवा करने की समीक्षा के बाद पुलिस को प्रदान किया जाता है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति निशान से प्राप्त होने वाली हरियाणा पुलिस देश के 10 राज्यों में से एक पुलिस बन गयी है। कोरोना काल में जिस प्रकार से हरियाणा पुलिस ने अपनी जान की परवाह किये बगैर बहादुरी का परिचय दिया और हर मुसीबत में जनता की विपरीत परिस्थितियों में भी मदद की और बुजुर्गों की सहायता व कमजोर और बीमार की सहायता की, इसने न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देशभर में हरियाणा पुलिस ने एक बहुत अच्छी पहचान और विश्वास के वातावरण को निर्मित किया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा वासियों के लिए यह गर्व की बात है कि हरियाणा के अंदर कानून एवं व्यवस्था की परिस्थिति अच्छी है और आज हरियाणा का नाम प्रथम रहता है। हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

पुलिस ने कई अंतरराज्यीय गैंग का सफाया करने में केंद्रीय एजेंसियों, पंजाब पुलिस, दिल्ली पुलिस और राजस्थान पुलिस के साथ मिलकर एक बहुत बड़ी सफलता हासिल की है। इसके लिए 2018 में स्थापित की गई हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स को केंद्रीय गृह मंत्री ने बधाई दी।उन्होंने हरियाणा पुलिस की स्थापना से लेकर अब तक शहीद हुए 83 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।केंद्रीय गृह मंत्री जी ने कहा कि हरियाणा में 29 साइबर थाने, 309 साइबर डेस्क स्थापित किए गए हैं, जो साइबर फ्रॉड के केसों पर नकेल कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने गृह मंत्रालय के अंतर्गत पुलिस टेक्नोलॉजी मिशन की स्थापना की है। इसके तहत भविष्य की चुनौतियों के देखते हुए देशभर की पुलिस को टेक्नोलॉजी से युक्त किया जाएगा। कॉन्स्टेबल से लेकर डीजीपी तक को प्रशिक्षित किया जाएगा।



इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा पुलिस को राष्ट्रपति निशान प्रदान करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री जी का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस के तीन शब्द सेवा, सुरक्षा व सहयोग, यह केवल तीन शब्द नहीं है, बल्कि हमारे भावना के प्रतीक हैं।उन्होंने कहा कि देश का यह सर्वोच्च सम्मान मिलने से हरियाणा पुलिस के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। इससे पुलिस अधिकारियों और कर्मियो का मनोबल और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी का एक स्मार्ट पुलिस का विजन है और हरियाणा पुलिस स्मार्ट बन गई है।

# सहकारिता की विभिन्न परियोजनाओं का उद्‌घाटन व शुभारम्भ

(दिनांक 14.02.2023)




**प्रभाव :** हरियाणा से चावल और अन्य कृषि उत्पादों का निर्यात व्यवस्थित तरीके से करने व व्यापारियों का सहयोग करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा स्थापित किए गए सहकारिता निर्यात प्रतिष्ठान (को–ऑपरेटिव एक्सपोर्ट हाउस) का आज करनाल में केंद्रीय गृह मंत्री जी ने उदघाटन किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी भी उपस्थित रहे।

करनाल में स्थापित किया गया यह एक्सपोर्ट हाउस व्यापारियों के लिए तो बड़ी भूमिका अदा करेगा, साथ ही इसके शुरू होने से किसानों को भी लाभ होगा। केंद्रीय गृह मंत्री जी ने कहा कि हरियाणा में राष्ट्रीय सहकारिता नीति के क्रियान्वयन एवं सहकारिता विभाग की विभिन्न परियोजनाओं के शुभारम्भ से सहकारिता विभाग नई उंचाईयों को छुएगा। चावल निर्यात के

साथ साथ हस्तकला को भी विश्व के बाजारों में बेचने के अवसर मिलेगें। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में लिए गए निर्णयों को हरियाणा सरकार ने तुरंत लागू करके पैक्स को मजबूत करने का कार्य किया है। अब पैक्स के माध्यम से सीएससी, एफपीओ, हर घर नल से जल, गैस एजेंसी, सस्ते अनाज की दूकानें, गांवों में लाईट ठीक करने व स्वच्छता जैसे 20 प्रकार से कार्य किये जाएंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री जी ने सरकार की लोकप्रिय योजनाओं के साथ–साथ जनहितैशी फैसलों को लेने के लिए भी माननीय मुख्यमंत्री जी की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा की मैन्यूफैक्चर विकास दर 10 प्रतिशत है। जिन राज्यों का इंडस्ट्री बैकग्राउंड था उसको भी हरियाणा ने पीछे छोड़ा है। साथ ही, हरियाणा सबसे बड़ा सॉफ्टवेयर निर्यातक बनने की ओर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार व्यापार घाटे को कम करने, निर्यात बढ़ाने और



आयात पर निर्भरता कम करने के लिए समय–समय पर जोर दे रही है। हरियाणा सरकार भी कृषि उत्पादों के निर्यात पर विशेष बल दे रही है, जिससे दीर्घकाल में रोजगार के अवसर सृजित करने और देश में विदेशी मुद्रा लाने के अलावा कृषि क्षेत्र भी मजबूत होगा। केंद्रीय गृह मंत्री जी ने भूमिहीन दुग्ध उत्पादकों को पशुचारा, वेक्सीनेशन तथा पशुचिकित्सा की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए हरियाणा में सांझी डेयरी स्कीम का भी शुभारम्भ किया। इससे गांवों में गोबर गैस से खाद व अन्य उपकरण बनने से स्वच्छ वातावरण होने के साथ गांवों का समग्र विकास होगा। उन्होंने इन्टरनेट रेडियो–सहकारिता वाणी–का विमोचन भी किया। इससे किसानों तथा सहकारी संस्थाओं को समय समय पर खेती, पशु प्रजनन, एफपीओ तथा दुग्ध से संबंधित गुणवता में सुधार और विपणन की गुणवता व देश में प्रचलित दरों इत्यादि



# साप्ताहिक सूचना पत्र

की प्रमुख वैज्ञानिक जानकारी मिलती

केंद्रीय गृह मंत्री जी ने पानीपत के डाहर में सहकारी चीनी मिल में लगने वाले एथनोल प्लांट का शिलान्यास किया।

इस प्लांट के लग जाने से चीनी मिलों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। प्लांट पर लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत आएगी और 90 केएलडीपी क्षमता इथेनाल का उत्पादन होगा।रेवाड़ी के गांव बिदवास में बनने वाले सहकारी दुग्ध प्लांट का भी शिलान्यास किया।

इस प्लांट से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दुग्ध की जरूरतें पूरी होंगी और दुग्ध उत्पादकों की आमदनी में भी बढौतरी होगी। उन्होंने राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की ओर से हरियाणा की सहकारी संस्थाओं के लिए दस हजार करोड़ रुपए का स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया। इससे समितियों को कम ब्याज पर ऋण मिलेगा।

इस अवसर पर  माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री व केंद्रीय गृह मंत्री जी के मार्गदर्शन में हरियाणा सहकारिता के क्षेत्र में तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के अंतर्गत सांझा डेयरी व पीएसयु निर्यात को बढ़ावा देने जैसी अनेक योजनाओं की सौगात भी राज्य के लिए कारगर साबित होगी।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सहकारिता को आगे बढ़ाने के लिए राज्य में 11 सहकारी चीनी मिलें है। और किसानों को गन्ने का मूल्य भी अब 372 रुपए दिया जा रहा है।

दुग्ध उत्पादन के लिए 6 मिल्क प्लांट लगे हैं और 7वें मिल्क प्लांट का आज लोकार्पण किया गया है। यह न केवल हरियाणा में सहकारिता को मजबूती प्रदान करेगा बल्कि प्रदेश के विकास को भी आगे लेकर जायेगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## महर्षि दयानंद जी की 200वीं जयंती समारोह

(दिनांक 15.02.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्व विद्यालय में आयोजित महर्षि दयानंद जी की 200वीं जयंती समारोह में शामिल होकर महर्षि दयानंद सरस्वती जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि भारत को आजाद करवाने में महर्षि दयानंद सरस्वती व उनके द्वारा स्थापित आर्य समाज की विचारधारा का अहम योगदान रहा है। आर्य समाज की विचारधारा ने असंख्य लोगों को आजादी के लिए प्रेरित किया जिसकी बदौलत देश को आजादी मिली।

उन्होंने महर्षि दयानंद सरस्वती को नमन करते हुए कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्र की मजबूती के लिए काम करना ही उन्हें सच्ची



श्रद्धांजलि होगी। इसलिए हर व्यक्ति को जाति–पाति, छुआछूत इत्यादि सामाजिक बुराइयों को खत्म करने का प्रयास करना चाहिए और बच्चों को



शिक्षा दिलाकर उन्हें आगे बढ़ाने का सतत प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद 1857 की क्रांति के मुख्य सूत्रधार थे, उनकी राष्ट्रवादी विचारधारा से अनेक देशभक्त प्रभावित होकर आर्य समाज से जुड़े, जिन्होंने बाद में उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए देश को आजाद करवाने का काम किया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार महिला शिक्षा को बढ़ावा देने तथा उनके सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। वर्तमान सरकार बनने के बाद प्रदेश में 72 महाविद्यालय स्थापित किये गए हैं, जिनमें 31 महिला महाविद्यालय हैं।

पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश युवाओं का प्रदेश है। इसमें 65 प्रतिशत आबादी युवाओं की है। इस आबादी को रोजगार, स्वरोजगार का प्रशिक्षण देकर देश व प्रदेश के विकास की धारा में शामिल किया जा रहा है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## बिजली सुधारों की ओर निरंतर बढ़ते कदम

(दिनांक 16.02.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि विगत 8 वर्षों में हरियाणा में अभूतपूर्व बिजली सुधार किये गए हैं। इसी के फलस्वरूप लाइन लॉसिस को कम करने पर फोकस किया गया है और लाइन लॉसिस 13.43 प्रतिशत रह गया है जो पूर्व की सरकारों में 25 से 30 प्रतिशत तक रहता था।

इसी के साथ उपभोक्ताओं को राहत देते हुए सरकार ने बिजली दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। बिजली दरों के रेट हरियाणा बिजली विनियामक आयोग तय करता है। आयोग ने वर्ष 2023—2024 के बिजली दरों के आदेश भी कल जारी कर दिए हैं जिसे आयोग की वेबसाइट पर भी डाला गया है।

वर्ष 2022—2023 के दौरान श्रेणी एक में जीरो से 50 यूनिट तक 2 रुपये प्रति यूनिट, 51 से 100 यूनिट तक 2.50 रुपये चार्ज किया। श्रेणी दो में 0 से 150 यूनिट तक 2.75 रुपये, 150 से 250 यूनिट तक 5.25 रुपये, 251 से 500 यूनिट तक 6.30 रुपये तथा 501 से 800 यूनिट तक 7.10 रुपये चार्ज किया।

इस वर्ष भी घरेलू उपभोक्ताओं की श्रेणी एक व दो की निर्धारित दरों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। कृषि क्षेत्र में 15 हॉर्स पावर व उससे ऊपर की मोटर वाले कृषि नलकूपों के लिए न्यूनतम चार्ज 200 रुपये प्रति हॉर्स पावर प्रति वर्ष निर्धारित किया गया है।

कृषि क्षेत्र को पूर्व की भांति सब्सिडी जारी रहेगी। बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है इसके लिए सरकार ने बड़े स्तर पर बिजली की पुरानी तारों को बदला है, इसके अलावा पुराने ट्रांसफार्मर्स पर नए कंडेंसर्स लगवाए गए हैं ताकि लाइन लॉसिस को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली सप्लाई के लिए नए सब—स्टेशन बनाये गए हैं तथा पुराने स्टेशनों की क्षमता में बढ़ोतरी की गई है।

# कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड प्रबंधन मंडल की 81वीं बैठक

**(दिनांक 16.02.2023)**

**प्रभाव :** हरियाणा राजभवन में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड प्रबंधन मंडल की 81वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे माननीय राज्यपाल महोदय जी ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता की जन्मस्थली धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र को विश्व मानचित्र पर भव्य दृष्टि से विकसित करने के लिए बेहतर योजनाएं तैयार की जाएं ताकि लोगों को इसके महत्व के बारे में और अधिक जानकारी मिल सके। बैठक में कुल 20 एजेंडे रखे गए जिन पर सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव–2022 की भव्य पुस्तिका का भी विमोचन किया गया, जिसमें गीता जयंती के दौरान किए गए कार्यक्रमों के झरोखे एवं गतिविधियों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। माननीय राज्यपाल जी ने निर्देश दिए कि कुरुक्षेत्र के 48 कोस के 134 तीर्थ स्थलों की भूमिका पर एक बुकलेट भी तैयार की जाए और इन क्षेत्रों में सरंचनात्मक ढांचा भी विकसित किया जाए ताकि



# साप्ताहिक सूचना पत्र

उनका ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ हो सके। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के प्रबंधन मण्डल की बैठक हर साल आयोजित की जाएगी ताकि बोर्ड के विकास को लेकर समय समय पर निर्णय लिए जा सके।

उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र को वाराणसी की तर्ज पर इसकी गरिमा को बनाए रखते हुए कार्य योजना तैयार की जाए, जिसमें ब्रह्मसरोवर के आसपास महाभारत युद्ध के पात्रों की मूर्तियों के सजीव चित्रण का वर्णन देखने को मिले। उन्होंने गीता के व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी को बधाई दी।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार के सतत प्रयासों से गीता ज्ञान का उपदेश वैश्विक स्तर पर पहुंचाने की वर्ष 2016 से लगातार पहल की जा रही है। इसी कड़ी में इस वर्ष ऑस्ट्रेलिया में अप्रैल माह में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह का आयोजन किया जायेगा। उल्लेखनीय है इससे पहले भी अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह मॉरीशस, इंग्लैंड और कनाडा में भी बड़ी धूमधाम से मनाया गया।उन्होंने कहा कि लोगों को पर्यटन की जानकारी देने के लिए पंचकूला, गुरुग्राम, कुरुक्षेत्र, राखीगढ़ी जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर पर्यटन सूचना केन्द्र बनाए जाएं ताकि पर्यटन की दृष्टि से भी कुरुक्षेत्र के साथ साथ अन्य स्थानों को भी विकसित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि ब्रह्मसरोवर की तर्ज पर सन्निहित सरोवर को भी विकसित किया जाए और इसमें स्वच्छ पानी भरने के साथ साथ उसकी निकासी का भी उचित प्रबंध किया जाए।

उन्होंने कहा कि सरोवर पर महर्षि दधीचि ऋषि की प्रतिमा लगाई जाएगी तथा सरस्वती तीर्थ एवं द्वार का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के कार्यालय के पास विश्राम गृह भी का निर्माण करवाया जाएगा तथा मल्टीमीडिया लेजर शो म्यूजिकल फाउंडेशन का थीम धार्मिक रखकर स्थल अनुसार इसका विकास किया जाएगा।

# हरियाणा रोडवेज के बेड़े में शामिल नई बसों को दिखाई झंडी

(दिनांक 18.02.2023)

**प्रभाव :** हरियाणा में सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर परिवहन सेवाएं मुहैया करवाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज बीएस–6 उत्सर्जन मानक वाली 70 नॉन–एसी बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया। पंचकूला से बसों को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा रोडवेज के बेड़े में कुल 1000 नई बसें शामिल की जाएंगी, जिसमें से आज पहले फेज में कुछ बसों को रवाना किया गया है। 31 मार्च, 2023 तक 400 बसें मिलने की संभावना है तथा शेष बसें भी 30 जून, 2023 से पहले प्राप्त रोडवेज को प्राप्त हो जाएंगी।





माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा और आसपास के क्षेत्रों में किफायती, सुरक्षित और सुगम सार्वजनिक परिवहन सेवाएं प्रदान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की 550 इलेक्ट्रिक बसें खरीदने की भी योजना है। पहले फेज में 50 बसें गुरुग्राम और 50 फरीदाबाद में भेजी जाएंगी।उन्होंने बताया कि इन बसों में यात्रियों की जानकारी के लिए गंतव्य बोर्ड, वाहन लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी), केंद्रीय मोटर वाहन नियम (सीएमवीआर) के अनुसार पैनिक बटन और चालकों द्वारा बसों में बेहतर नियंत्रण के लिए ऐयर प्रेशर वाले फ्रंट सर्विस दरवाजे जैसी विशेषताएं जोड़ी गई हैं। बीएस–6 उत्सर्जन मानदंडों को पूरा करने वाली 1000 पूरी तरह से निर्मित नॉन–एसी बसों की खरीद के लिए राज्य परिवहन हरियाणा के प्रस्ताव को माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) में अनुमोदित किया गया था।



# बदलाव के 8 साल कार्यक्रम

(दिनांक 18.02.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज सेक्टर 1 स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम ग्रह में आयोजित बदलाव के 8 साल कार्यक्रम में कहा कि उन्होंने एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपना राजनीतिक दायित्व निभाते हुए समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया है। प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार के अब तक के 8 साल के कार्यकाल से पूर्ण रूप से संतुष्ट है। वर्तमान सरकार ने पिछले 8 वर्ष में व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। जहां भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार किया गया है वहीं अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करते हुए अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा परिवार पहचान पत्र की शुरूआत की गई है, जिसमें परिवार को एक इकाई माना गया है। प्रदेश के 68 लाख परिवारों का डाटा सत्यापित किया जा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

चुका है। हरियाणा सरकार ने गरीब परिवारों की चिंता करते हुए बीपीएल परिवारों की आय सीमा को सालाना 1.20 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.80 लाख रुपये किया है। इसके फलस्वरूप बीपीएल परिवारों की संख्या बढकर लगभग 29 लाख हो गई है और इन परिवारों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाना है। परिवार पहचान पत्र में 6–18 वर्ष की एक अलग श्रेणी बनाई गई है, जिसमें इस आयु वर्ग के एक–एक बच्चे को ट्रैक कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में बेटियों की उच्च शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रदेश भर में 71 नये महाविद्यालय खोले गए हैं जिसमे 30 से अधिक महिला कॉलेज हैं। उनकी घोषणा के अनुरूप प्रत्येक 20 किलोमीटर के दायरे में महिला या कोएड कॉलेज खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल और कॉलेजों में अध्यापकों की मांग को पूरा करने के लिए हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा 7 हजार प्रोफेसर और पीजीटी अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है और इसे जल्द ही पूरा किया जाएगा।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने माननीय प्रधानमंत्री जी का कई सार्वजनिक मंचों से उनके द्वारा लागू योजनाओं की प्रशंसा करने और केन्द्र सरकार द्वारा उन्हें देश में लागू करवाने के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि लोगों को उनकी जमीन का मालिकाना हक देने के लिए राज्य सरकार द्वारा लागू की गई लाल डोरा मुक्त योजना को केन्द्र सरकार ने स्वामित्व योजना के नाम से लागू किया है। सरकार के दूसरे कार्यकाल के आने वाले लगभग 2 वर्षों में वे सभी के सहयोग से प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता उनका परिवार है और लोगों की सुख, शांति, समन्वय और भाईचारे को बनाए रखने के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे।